आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 03.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— लोकसभा चुनाव के तहत कल होगी मतगणना—सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी वोटों की गिनती।
2— छत्तीसगढ़ में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य के तैंतीस जिला मुख्यालयों में की जाएगी मतगणना।
3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बारह माओवादियों को किया गिरफ्तार—सुकमा जिले में पांच इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।
4— मानसून के अगले चार—पांच दिनों में छत्तीसगढ़ में दस्तक देने की संभावना।

लोकसभा मतगणना—01

लोकसभा चुनाव के तहत देशभर में कल चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इकतीस करोड़ से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ—साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी।

इधर, छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश के ग्यारह संसदीय क्षेत्रों की मतगणना सभी तैंतीस जिला मुख्यालयों में की जाएगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक हॉल में लोकसभा क्षेत्र में भाामिल विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम मतगणना के लिए छह विधानसभाओं – पंडरिया, कवर्धा, सारंगढ़, बिलाईगढ़, भरतपुर—सोनहत और कसडोल में इक्कीस टेबलों और अन्य सभी चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में कुल चौदह टेबलों में गणना की जाएगी।

लोकसभा मतगणना—02

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए ग्यारह रिटर्निंग अधिकारी, चार सौ छिहत्तर सहायक रिटर्निंग अधिकारी, चार हजार तीन सौ बासठ गणनाकर्मी और एक हजार छह सौ इकहत्तर माईको—ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। वहीं, नब्बे विधानसभा क्षेत्रों के लिए बयालीस काउटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतगणना केन्द्रों में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्र की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम को निर्धारित समय पर प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी अभ्यर्थी या उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा। मतगणना सहित पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सारणीकरण के लिये तैनात गणना अभिकर्ता को कैलक्युलेटर और पेन भी संबंधित रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां एक वरिश्ठ अधिकारी की

नियुक्ति की गई है, जो समय–समय पर सभी मतगणना हॉल का अवलोकन करने के लिए एक निश्चित सीमा तक छोटी–छोटी संख्या में मीडिया समूहों को अन्दर ले जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक चरण के परिणाम की घोषणा संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। साथ ही लोकसभा स्तर पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्मिलित सभी विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भी प्रत्येक चरण के परिणाम की घोषणा की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना दिवस को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं के राउंडवार परिणाम की जानकारी भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

<u>मतगणना–सुरक्षा</u>

कल होने वाली मतगणना के लिए आज छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में स्थित मतगणना स्थलों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों ने मतणगना केन्द्रों का अवलोकन कर सभी तैयारियों का जायजा लिया।

कल मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पहले और बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती होगी, जहां से सौ मीटर का क्षेत्र पैदल यात्री क्षेत्र होगा। दूसरे स्तर में राज्य सशस्त्र बल की तैनाती की जाएगी। यहां पर प्रवेश से पहले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पत्र के आधार पर जांच व तलाशी होगी। तीसरे स्तर में मतगणना हॉल के प्रवेश द्वार पर केन्द्रीय पुलिस बल–सी.ए.पी.एफ. के जवान मौजूद रहेंगे।

<u>चुनाव विशेष बुलेटिन</u>

कल लोकसभा चुनाव के लिए होने वाली मतगणना की ताजा जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आकाशवाणी रायपुर के समाचार एकांश की ओर से भी विशेष व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी रायपुर द्वारा कल हर घंटे विशेष समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये विशेष चुनाव बुलेटिन हिन्दी के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी होंगे। ये बुलेटिन कल सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएंगे और शाम चार बजकर दस मिनट तक जारी रहेंगे। इसके अलावा प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा कल लोकसभा चुनाव परिणामों पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल रात आठ बजकर तीस मिनट से प्रसारित होगा। कल आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित होने वाले विशेष चुनाव बुलेटिन और विशेष परिचर्चा कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

<u>माओवादी–गिरफ्तार/आत्मसमर्पण</u>

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बारह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नाबलिग भी शामिल हैं। इन सभी को अलग–अलग थानों से गिरफ्तार किया गया है। इन सभी माओवादियों पर हत्या, आईईडी प्लांट करने, रोड काटने और पाम्पलेट–बैनर लगाने का आरोप है। जिला पुलिस बल और डीआरजी की संयुक्त कार्रवाई में मीरपुर, जंगला और कूटरु थाना क्षेत्र अंतर्गत इन सभी माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे "पूना नर्कोम अभियान" से प्रभावित होकर सुकमा जिले में एक माओवादी दम्पति सहित पांच इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपये और एक अन्य पर पांच लाख रूपए इनाम घोषित था। इन पांचों माओवादियों पर कुल सत्रह लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन सभी पर पुलिस मुठभेड़ में शामिल होने सहित विभिन्न माओवादी घटनाओं में सक्रिय रहने का आरोप है।

माओवादी–ग्रामीण हत्या

नारायणपुर जिले के ग्राम मसपुर में माओवादियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब पन्द्रह से बीस वर्दीधारी माओवादियों ने ग्रामीण के घर पहुंचकर परिजनों के सामने ही धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी।

वहीं, सुकमा जिले में बीती रात अज्ञात आरोपियों ने एक प्रधान आरक्षक की हत्या कर दी है। यह घटना गादीरास क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटना में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एनएचएआई–टोल प्लाजा

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने देशभर में टोल टैक्स में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि बढ़ा हुआ शुल्क आज से लागू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में नौ सौ से अधिक टोल प्लाजा हैं।

मौसम

छत्तीसगढ़ में जल्द ही मानसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून अगले चार–पांच दिनों में प्रदेश के दक्षिणी भाग में पहुंच सकता है।

इस बीच, देश में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। आज मानसून आगे बढ़ते हुए कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के कुछ भाग तक पहुंच चुका है।

राज्य में कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानसून के दौरान वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, और जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ–सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी–दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे–छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने जशपुर सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मानसून के पहले किसानों को दी जाने वाली खाद और बीज की व्यवस्था भी दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने डी.ए.पी. खाद की मांग को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

ईओडब्ल्यू–रिमांड

कोयला घोटाले मामले में आरोपी निलंबित उपसचिव सौम्या चौरसिया और आईएएस अधिकारी रानू साहू तथा समीर विश्नोई समेत कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को आज ईओडब्ल्यू कोर्ट में पेश किया गया। आज ही इन सभी की पुलिस रिमांड भी खत्म हो रही थी। कोर्ट ने सौम्या चौरसिया और रानू साहू की रिमांड अवधि पांच जून तक बढ़ा दी है। वहीं, आईएएस समीर विश्नोई तथा कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की पुलिस रिमांड दस जून तक बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है।

आगजनी

राजधानी रायपुर के जीई रोड स्थित एक निजी शॉपिंग मॉल में आज दोपहर आग लग गई, जिसके बाद वहां अफरा–तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

वहीं, अंबिकापुर के आकाशवाणी चौक के पास पांच मंजिला इमारत में स्थित एक स्पोर्ट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने भवन में स्थित एक होटल को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>